सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025/844 दर्ज तिथिः— 22.12.2025

1. रेखाराम पुत्र रामाराम
2. रूपाराम पुत्र रामाराम
3. ओमप्रकाश पुत्र रामाराम
4. केसीदेवी पत्नी रामाराम
5. किशनाराम पुत्र वालाराम
6. खेराजराम पुत्र दुर्जाराम
7. भोमाराम पुत्र दुर्जाराम
8. मनाराम पुत्र वालाराम
9. गंगादेवी पत्नी वालाराम

जाति जाट निवासी भाम्भुओं की बेरी, आसुओ की ढाणी तहसील नोखड़ा।

..........प्रार्थीगण

**बनाम**

1. कलाराम पुत्र दलाराम
2. बाबूराम पुत्र दुदाराम
3. गंगाराम पुत्र दुदाराम
4. हरूराम पुत्र दुदाराम
5. जालाराम पुत्र दुदाराम
6. मगाराम पुत्र दमाराम
7. जेहाराम पुत्र दमाराम
8. रामाराम पुत्र चुतराराम
9. डूगराराम पुत्र चुतराराम
10. लालाराम पुत्र रूगाराम
11. घमण्डाराम पुत्र रूगाराम
12. देवाराम पुत्र तेजाराम
13. हनुमानराम पुत्र मुकनाराम
14. डालूराम पुत्र मुकनाराम
15. पारसराम पुत्र मुकनाराम
16. भरत आसु पुत्र मुकनाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.19 10:45:53 IST
Reason: SelfAttested

17. गुमनाराम पुत्र कुम्भाराम
18. धर्माराम पुत्र कुम्भाराम
19. नवलाराम पुत्र खेराजराम
20. ठाकराराम पुत्र जीयाराम
21. ग्राम पंचायत आडेल जरिये विकास अधिकारी
22. ठाकराराम पुत्र गुमनाराम
23. नारणाराम पुत्र गुमनाराम
24. देराजराम पुत्र शोभाराम
25. भीखाराम पुत्र शोभाराम
26. देवीसिंह पुत्र हनुमानराम
27. चोखाराम पुत्र हनुमानराम
28. पदमाराम पुत्र राजुराम
29. हरखाराम पुत्र राजुराम
30. पुराराम पुत्र रायमलराम
31. ठाकराराम पुत्र रायमलराम
32. भीखाराम पुत्र खेमाराम
33. राउराम पुत्र खेमाराम
34. उमाराम पुत्र करनाराम
35. मेहराराम पुत्र करनाराम
36. मोहनलाल पुत्र केहनाराम
37. लक्ष्मणराम पुत्र केहनाराम
38. रूगाराम पुत्र गिरधारीराम
39. रामाराम पुत्र गिरधारीराम
40. हनुमानराम पुत्र गिरधारीराम
41. चुनाराम पुत्र पोकरराम

जाति जाट निवासी भांभुओ की बेरी, आसुओ की तहसील नोखड़ा

...........असल अप्रार्थीगण

सहायक कलक्टर/उपखंड अधिकारी
सत्यमेव जयते
गुडामालानी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री जोगराज पोटलिया
अप्रार्थीगणः— एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—:निर्णयः—**

निर्णय तिथिः— 23.02.2026

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—111, 128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 555 ⁄ 1.

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.19 10:45:53 IST
Reason: SelfAttested

5047 है0 मौजा भांभुओ की बेरी पटवार हल्का आसुओ की ढाणी तहसील नोखड़ा में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार नोखड़ा के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार नोखड़ा के आदेश दिनांक 29.10.2025 की पालना में दिनांक 30.10.2025 को पटवारी हल्का आसुओ की ढाणी द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी आराजी खसरा संख्या 555 / 1.5047 है0 मौजा भांभुओ की बेरी पटवार हलका आसुओ की ढाणी तहसील नोखड़ा की पत्थरगढ़ी दिनांक 30.10.2025 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण विधिवत तामिल बावजूद अनुपस्थित होने के कारण अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 30.10.2025 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries***.*—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.19 10:45:53 IST
Reason: SelfAttested

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2076—79 वाकै ग्राम भांभुओ की बेरी में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार नोखड़ा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम भांभुओ की बेरी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 30.10.2025 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नोखड़ा के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 555 / 1.5047 है0 मौजा भांभुओ की बेरी पटवार हल्का आसुओ की ढाणी तहसील नोखड़ा पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों / हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नोखड़ा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.19 10:45:53 IST
Reason: SelfAttested

**नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार नोखड़ा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 23.02.2026 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी

न्यायालय सहायक कलक्टर／उपखंड अधिकारी सत्यमेव जयते गुढ़ामालानी

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2026.05.19 10:45:53 IST
Reason: SelfAttested